माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश
MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, UTTAR PRADESH
Website : https://mpublp.ac.in E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**

पत्रांक सं.: माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/256 दिनांक: 20,मई 2026

सूचना

माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के पत्रांक माँ0पा0वि0वि/COE/2026/219 दिनांक: 25 अप्रैल 2026 द्वारा माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर की परीक्षाओं में मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका के परिनिरीक्षण (Scrutiny) से सम्बन्धित नियम जारी किए गये हैं | माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार सत्र 2025-26 प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं में मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका के परिनिरीक्षण (Scrutiny) हेतु दिनांक 21-05-2026 से समर्थ पोर्टल खोला जा रहा है | सम्बन्धित छात्र-छात्राएं निम्न उपबंधों के अधीन समर्थ पोर्टल पर परिनिरीक्षण (Scrutiny) हेतु आवेदन कर सकते हैं :-

1 कोई भी छात्र/छात्रा पोर्टल खुलने के दिनांक से 07 दिन के अन्दर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका को ऑनलाइन देखने के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदन के साथ रू0 300/- प्रति प्रश्नपत्र फीस विश्वविद्यालय को भुगतान करेगा।
2 कोई भी छात्र / छात्रा पोर्टल खुलने के दिनांक से 15 दिनों के अन्दर स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए रु0 500/- प्रति प्रश्नपत्र फीस विश्वविद्यालय को भुगतान करेगा।
3 स्क्रूटनी मे यदि कोई प्रश्नपत्र मूल्यांकित नहीं है तो उसका मूल्यांकन किया जाएगा तथा यदि अंको का स्थानान्तरण मुख्य पृष्ठ पर नहीं है तो अंको को स्थानान्तरण किया जाएगा। यदि अंको के योग में कोई त्रुटि है तो उसे ठीक किया जाएगा।
4 परीक्षक द्वारा किये गये मूल्यांकन में दिये गये अंको पर कोई प्रश्न चिह्न नहीं किया जा सकता ।
5 स्क्रूटनी के लिए एक ही बार एक प्रश्नपत्र में आवेदन किया जा सकता है।
6 स्क्रूटनी के सम्बन्ध में किसी विषम परिस्थिति में कुलपति महोदय का निर्णय अन्तिम होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1 प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, माँ पाटेश्वरी वि०वि० बलरामपुर ।
2 कुलसचिव / वित्त अधिकारी, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर ।
3 नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त को सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4 कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ ।
5 कार्यालय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक